# सक्सेस मिरर

वर्ष : 10
अंक : 111
अप्रैल : 2019

सफलता का कैप्सूल

Visit us at : www.pdgroup.in


## इस अंक में...


9 | ध्यान बदल दो, परिणाम बदल जाएगा

10 | समसामयिकी घटना संग्रह

11 | समसामयिकी संक्षिप्तकियाँ

19 | आर्थिक घटना संग्रह
- केन्द्रीय वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने अंतरिम बजट 2019-20 लोकसभा में पेश किया
- उत्तराखण्ड सरकार ने ₹ 48,663 करोड़ का बजट 2019-20 पेश किया
- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट 2019-20 पेश किया

25 | राष्ट्रीय घटना संग्रह
- परिवहन मंत्री ने ओडिशा में राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारंभ किया
- प्रधानमंत्री ने डीडी अरुण प्रभा का शुभारंभ किया
- भारत बना दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा LPG उपभोक्ता देश

29 | अन्तर्राष्ट्रीय घटना संग्रह



- अर्जेन्टीना के राष्ट्रपति की तीन दिवसीय भारत यात्रा
- मैसिडोनिया नाटो का 30वाँ सदस्य बना
- विश्व सतत् विकास सम्मेलन, 2019 का आयोजन
- भारत ने पाकिस्तान से मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा वापस लिया

32 | खेल खिलाड़ी
- क्लाउडेड तेंदुए को राष्ट्रीय खेल 2022 के लिए शुभंकर चुना गया
- स्मृति मंधाना ने अन्तर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट का सबसे तेज अर्द्धशतक बनाया
- मिताली राज 200 एकदिवसीय मैच खेलने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनी
- साइना नेहवाल ने जीता इंडोनेशिया मास्टर्स का खिताब
- कतर ने जापान को फुटबाल में हराकर पहला एशियाई कप जीता
- भारत-फ्रांस महिला हॉकी टेस्ट सीरीज, 2019

35 | महत्वपूर्ण तथ्य संग्रह


### लेख


38 | **प्रतिरक्षा लेख**—आईएनएस अरिहंत : भारत की पहली परमाणु पनडुब्बी

39 | **ऊर्जा लेख**—नाभिकीय संलयन से ऊर्जा प्राप्ति की दिशा में प्रगति

40 | **कृषि लेख**—'जीएम' (जनेटिकली मोडिफाइड) फसलों से लाभ एवं दुष्परिणाम

78 | **प्रथम पुरस्कृत तार्किक प्रतियोगिता**

79 | **तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक-108 का परिणाम**

80 | **विशेष जानकारी—दूरसंचार विकास हेतु नई पहलें—2018**

82 | **रोजगार अवसर**


### हल प्रश्न-पत्र


42 | **छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा, 2018**

47 | **केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2018 (प्रथम प्रश्न–पत्र : कक्षा I से V तक)**

53 | **उत्तराखण्ड कनिष्ठ सहायक (समूह ग) परीक्षा, 2018**

58 | **इलाहाबाद उच्च न्यायालय समूह 'घ' भर्ती परीक्षा, 2019**

63 | **आगामी भारतीय वायु सेना ग्रुप 'X' एवं ग्रुप 'Y' भर्ती परीक्षा, 2019 हेतु विशेष हल प्रश्न**

69 | **आगामी झारखण्ड विशेष शाखा आरक्षी (क्लोज कैडर) परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न**



सर्वाधिकार सुरक्षित, प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के इस मैगजीन का कोई भी भाग न तो पुनरुत्पादित किया जाएगा और न किसी भी रूप में, जैसे–इलेक्ट्रॉनिक, मेकेनीकल, फोटोकॉपीइंग, रिकॉर्डिंग अथवा अन्य प्रकार स्टोर किया जाएगा. हालांकि इस संस्करण में प्रकाशित सूचनाओं के सही होने का हरसम्भव प्रयास किया गया है, फिर भी न तो प्रकाशक व न अन्य कोई कर्मचारी किसी भी त्रुटि अथवा छूट के लिए उत्तरदायी होगा. अस्वीकृत रचनाओं को लेखकों को वापस भेजने के लिए उनके साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा मय उपयुक्त डाक टिकटों के प्राप्त होगा. रचना के देर से पहुँचने अथवा रास्ते में खो जाने की कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती. पत्रिका में लेखकों द्वारा प्रेषित बयानों, विचारधाराओं तथा प्रकाशित विज्ञापनों की कोई जिम्मेदारी **'सक्सेस मिरर'** की नहीं है.



**सम्पादक** : महेन्द्र जैन

**रजिस्टर्ड ऑफिस** : 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2

**सम्पादकीय ऑफिस**
1, स्टेट बैंक कॉलोनी, वन चेतना केन्द्र के सामने
आगरा–मथुरा बाईपास, आगरा–282 005
फोन– 4053333, 2531101, 2530966
फैक्स– (0562) 4053330
ई-मेल: सम्पादकीय: publisher@pdgroup.in
कस्टमर केयर: care@pdgroup.in

**दिल्ली ऑफिस**
4845, अंसारी रोड, दरियागंज,
नई दिल्ली–110 002
फोन– 011-23251844, 43259035

**पटना ऑफिस**
पारस भवन (प्रथम तल),
खजांची रोड,
पटना– 800 004
फोन– 0612-2303340
मो– 09334137572

**कोलकाता ऑफिस**
H-3, ब्लॉक-B, म्यूनिसिपल प्रीमिसेस No. 15/2, गालिफ स्ट्रीट, पी.एस. श्यामपुकुर,
कोलकाता– 700 003 (W.B.)
फोन– 033-25551510

**हैदराबाद ऑफिस**
16-11-23/37, मूसारामबाग, टीगन गुडा
आर.टी.ए. ऑफिस के सामने मेन रोड
(आन्ध्रा बैंक के बगल में), हैदराबाद–500 036
(तेलंगाना) फोन– 040-24557283

**हल्द्वानी ऑफिस**
8-310/1, ए. के. हाउस
हीरानगर, हल्द्वानी,
जिला–नैनीताल– 263 139
(उत्तराखण्ड)
मो– 07060421008

**इन्दौर**
30-31, जिन्सी हाट मैदान,
बाबा रामदेव मंदिर के निकट
मलहारगंज
इन्दौर– 452 002 (म.प्र.)
फोन– 9203908088

**लखनऊ ऑफिस**
B-33, ब्लंट स्क्वायर, कानपुर
टैक्सी स्टैण्ड लेन, मवइंया,
लखनऊ– 226 004
फोन– 0522-4109080
मो– 09760181118

**नागपुर ऑफिस**
1461, जूनी शुक्रवारी,
सक्करदरा रोड, हनुमान
मन्दिर के सामने,
नागपुर–440 009 (महाराष्ट्र)
मो– 09370877776

# ध्यान बदल दो, परिणाम बदल जाएगा



—साध्वी वैभवश्री 'आत्मा'

जो आपका लक्ष्य है, उस पर ध्यान दो. आप विद्यार्थी हैं, तो ज्ञानार्जन आपका लक्ष्य है, व्यक्तित्व विकास आपका लक्ष्य है, आपका ध्यान उस पर ही हो, तो आप कम समय में अधिकाधिक योग्यता पाते जाओगे. खुद को निखारते जाओगे, किन्तु अगर आपका ध्यान विभंग है, बिखरा-बिखरा है. चित्त भ्रमित है. आँख, कान, जीभ तीनों ही चंचल बनी हुई है. मन गपशप में ही लगा रहता है, तो आपका परिणाम बदल जाएगा. पौध वृक्ष बनने की बजाय बीच में उखड़ जाएगा. जीवन की सम्भावित योग्यता राह भटक देगी. आप कुछ होने को थे, कुछ और हो जाएंगे. आप ऐसा न करें. इसके लिए आपको अपने ध्यान पर केन्द्रित होना होगा. अक्सर शिक्षक यह प्रश्न अपनी कक्षा के उन विद्यार्थियों से पूछा करते हैं, जो प्रश्नों के सही उत्तर नहीं दे पाते हैं. पूछे जाने पर दाएं-बाएं झाँकते हैं, जब वे अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, तब शिक्षक यही पूछते हैं, तुम्हारा ध्यान कहाँ था. यह प्रश्न जिन्दगी के हर मोड़ पर खुद से पूछना होगा कि ध्यान कहाँ है ?

आजकल व्यापारी वर्ग बहुत परेशान है. लोग कर्जों में डूब रहे हैं. व्यापार चौपट होते जा रहे हैं. आर्थिक नीतियाँ बदल जाने से अनेक व्यापारी सकते में आ गए हैं. यद्यपि ऐसे माहौल में कई लोगों की चाँदी भी खूब हुई है, किन्तु जो लोग शेयर में व प्रॉपर्टी में हानि (Loss) उठा रहे हैं, वे भी कभी अपने आप से यह सवाल करके देखें कि "मेरा ध्यान कहाँ है ?" अक्सर ध्यान उन स्थानों पर है, जहाँ समस्याएँ ही समस्याएँ नजर आती हैं, समाधान नहीं, जबकि ध्यान समस्याओं पर न होकर समाधान पर होना चाहिए, इससे परिणाम कुछ और आता. ध्यान प्रगति व विकास पर हो, साथ ही बदल रहे माहौल की नजाकत को भी नजर में रखना जरूरी है. पुराने पैमाने तेजी से बदल रहे हैं, व्यापार में भी व घर-परिवार में भी, ऐसे में जो भी लोग समय के साथ अपनी दृष्टि को समायोजित नहीं करते, वे चूक जाते हैं. रिश्ते अपनी परिभाषाएँ बदल देते हैं. अतः ध्यान कहाँ है ? इस पर ध्यान दो. कई लोग बेवजह रोते-पीटते रहते हैं कि हम परेशान हैं, हम दुःखी हैं, तो भाई ! तुम्हारे दुःख की जिम्मेदारी कोई अन्य क्यों लेगा ? तुम खुद के कार्यों पर ही ध्यान दो न पता चल जाएगा कि जब जहाँ ध्यान देना था, वहाँ न देकर कहीं और दिया गया, तो परिणाम बदल गया.

> "A Beautiful life does not just happen...It's built daily with Love, Laughter, Sacrifice, Patience, Grace and Forgiveness."

एक किसान भी फसल बुवाई के समय बुवाई पर ध्यान सिंचाई के समय सिंचाई पर और कटाई के समय कटाई पर ध्यान देता है, तभी अपनी फसल को सफल बनाता है. अन्यथा रोता-पछताता है. क्या हम किसान से भी खुद को तौल कर अपनी नादानी का अंदाज नहीं लगा सकते. हमारा ध्यान जब व्यापारिक कार्यक्षेत्र में बैठकर बजाय गपशप करने, चुगली-निंदा करने, राजनैतिक झंझावतों में उलझा रहेगा, तो धन्धा तो चौपट होगा ही ना. हमें क्या करना चाहिए ? क्या हमारा लक्ष्य है, ध्यान भी उस पर ही हो. अगर समृद्धि लक्ष्य है, तो चित्त उस पर दो और कार्यशैली का चुनाव समृद्धि लाने वाला ही हो ? खुद को हवाओं के भरोसे मत छोड़ो. ऐसा न सोचो कि किस्मत में जो लिखा होगा, आना होगा तो आ ही जाएगा, जो मिलना होगा, मिल जाएगा, ऐसा न सोचो. खुद को सही दिशा दो. अपने लिए सही मार्ग चुनो. हमारे तीन सबसे महत्वपूर्ण साथी हैं—